**खबर संक्षेप**

### मैहर में चोरियों से दहशतः घर के बाहर से बाइक ले उड़े चोर, CCTV फुटेज वायरल

**मैहर।** शहर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे अब खुलेआम घरों के बाहर खड़ी बाइक चुरा रहे हैं,जिससे आम आदमी दहशत में है। 6अक्टूबर 2025 की शाम करीब 5 बजे दो अज्ञात चोरों ने एक घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।फुटेज में देखा गया कि दो युवक पहले बाइक की रेकी करते हैं और मौका मिलते ही बाइक स्टार्ट कर पल भर में फरार हो जाते हैं। चोरी की यह वारदात सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिससे शहरवासियों में आक्रोश है। पिछले कुछ हफ्तों में मैहर में तीन से अधिक बाइक चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। यह ताजा मामला एक माइक्रोफाइनेंस कंपनी के कर्मचारी की बाइक का है,जो बॉस कॉलोनी स्थित ऑफिस के बाहर खड़ी थी।

### रोजगार की मांग को लेकर अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के बाहर ग्रामीणों का धरना



**मैहर।** अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री,मैहर की माइंस में ग्रामीणों को झूठे दिलासे दिए जाने के विरोध में आज भदनपुर, रिवारा, पिपरा, पटेहरा सहित आस-पास के गांव के लोगों ने रोजगार को लेकर आंदोलन किया। ग्रामीणों ने अल्ट्राटेक सीमेंट के माइंस गेट पर धरना दिया। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी द्वारा यह दूसरी बार आश्वासन दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस बार एक हफ्ते के अंदर बेरोजगार लोगों को रोजगार नहीं दिया गया,तो वे तीसरी बार गेट बंद कर देंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ नेताओं के चलते अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट मनमानी कर रहा है और बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है।

### मैहर विधायक ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**मैहर।** मैहर विधायक कार्यालय में आज विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से भेंट की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित लोगों की समस्याओं और सुझावों को ध्यान पूर्वक सुना। विधायक ने उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि वह मैहर के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं और क्षेत्र की जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं।

### आंगनबाडी केन्द्र संचालन में लापरवाही बरतने पर 15 दिन का वेतन कटा

**सतना।** जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह ने बुधवार को सोहावल परियोजना सेक्टर भुमकहर के तीन,चित्रकूट-2 परियोजना के एक आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। जिसमें सोहावल परियोजना भूमकहर सेक्टर के आंगनवाड़ी केंद्र मझगंवा भट्टा में निरीक्षण के दौरान केंद्र खुला मिला पर कोई बच्चे उपस्थित नहीं मिले और ना ही नाश्ता आया था। केन्द्र की सहायिका भी देर से आई। इसी प्रकार आंगनवाड़ी केंद्र भाद में 3 तथा आंगनवाडी केन्द्र रामपुर चौरासी में 5 बच्चे उपस्थित पाए गए। पोषण माह अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी नहीं होने पर तीनों केन्द्रों की कार्यकर्ताओं के खिलाफ केन्द्र संचालन में लापरवाही बरतने पर 15 दिवस का वेतन कटौती करने की कार्यवाही तथा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

## मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना

# महिला को साड़ी से बांधकर मोटर साइकिल से घसीटा

**मैहर।**

मैहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरैइया खुर्द (कुटाई) में 6 अक्टूबर को शाम करीब 4 बजे मानवता को झकझोर देने वाली वारदात सामने आई है।



लगभग 45से 50वर्ष की महिला आशा केवट को उसके ही देवरानी के लड़के बंकट केवट ने मोटरसाइकिल पर साड़ी से हाथ बांधकर करीब आधा किलोमीटर दूर तक घसीटा। घायल महिला को गंभीर अवस्था में एंबुलेंस से मैहर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनका उपचार चल रहा है।

**क्या है मामला?**

घायल महिला आशा केवट ने बताया कि उनके बेटे के साथ बंकट केवट ने मारपीट की थी। जब वह बंकट की मां से शिकायत करने गईं तो उनकी देवरानी अपने बेटे का पक्ष लेकर लड़ने लगी। इतने में बंकट केवट आया,उन्हें जोर से लात मारकर गिरा दिया और फिर साड़ी से हाथ बांधकर मोटरसाइकिल से घसीटने लगा। वह चिल्लाती रहीं,लेकिन बंकट केवट को दया नहीं आई और वह बेहोश हो गईं। आशा केवट के पुत्र पिंकू केवट ने बताया कि चाचा का लड़का बंकट केवट पूर्व में उनके घर में चोरी करने के संबंध में घुसा था,जिसे लेकर रंजिश थी। 6 अक्टूबर को दोपहर में बंकट ने पिंकू से मारपीट की थी,जिसकी रिपोर्ट उन्होंने थाने में दर्ज कराई थी। शाम को जब वह घर लौटे,तो मां को घायल अवस्था में पाया। पिंकू ने बताया कि बंकट ने उनकी मां को गाली दी,लात मारकर गिराया और फिर हाथ बांधकर घसीटा। बंकट ने यह भी धमकी दी कि अगर दोबारा दिखे या विवाद किया,तो जान से खत्म कर देगा। मारपीट से आशा केवट के दोनों पैर और बदन में चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## एकेएस के फैकल्टी की मानव संसाधन प्रबंधन पर आधारित पुस्तक का प्रकाशन

**सतना।**

एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के प्रबंधन संकाय के प्रतिष्ठित शिक्षकों डॉ.चंदन सिंह और नितिन मिश्रा ने मानव संसाधन प्रबंधन विषय पर आधारित एक शोधपरक और व्यावहारिक पुस्तक का सफलतापूर्वक प्रकाशन किया है। यह पुस्तक आधुनिक कार्य क्षेत्र में मानव संसाधनों की भूमिका, उनसे जुड़ी चुनौतियों और रणनीतियों को विस्तार से प्रस्तुत करती है। इसमें महत्वपूर्ण विषयों को सरल तथा बोधगम्य भाषा में समझाया गया है। इस पुस्तक में नियुक्ति प्रक्रिया प्रशिक्षण और विकास कार्य निष्पादन का मूल्यांकन संगठनात्मक संस्कृति नेतृत्व शामिल हैं। यह पुस्तक फ्लिपकार्ट तथा ऐमेज़ॉन जैसे प्रमुख मंचों पर उपलब्ध है। साथ ही यह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों रूपों में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और कार्य क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए सुलभ है।



पुस्तक के प्रकाशन पर डीन डॉ.कौशिक मुखर्जी,फैकल्टी डॉ.प्रदीप चौरसिया,डॉ.सीमा द्विवेदी,डॉ.प्रकाश कुमार सेन,डॉ.अनुराग सिंह परिहार, प्रमोद द्विवेदी,शीनू शुक्ला तथा श्रीकृष्ण मिश्रा ने लेखकों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके शैक्षणिक योगदान की सराहना की। किताब को व्यापक सराहना मिल रही है। लेखकों ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## मां शारदा की मैहर नगरी में उमड़ा भक्तों का सैलाब: कोतमा से 250 किमी की पैदल यात्रा



**मैहर।** बुधवार को मां शारदा की मैहर नगरी जयकारों से गूंज उठी।कोतमा विधानसभा क्षेत्र से मां शारदा देवी के दर्शन के लिए विगत 2 अक्टूबर को पैदल निकले लगभग 5 हजार श्रद्धालु 7 दिन में 250 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर मैहर पहुंचे। नगर में इन श्रद्धालुओं का जगह-जगह पुष्पवर्षा और जयकारों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस पैदल यात्रा में 21 काली माई खप्पड़ के साथ नृत्य करती रहीं, जिसे देखने के लिए भारी भीड़ जुटी। साथ ही एक भक्त शेर के मेकअप में भी कला का प्रदर्शन करता रहा। यात्रियों द्वारा प्रमुख रथ को रोककर मां शैल पुत्री समूह का भी स्वागत किया गया। इस यात्रा के साथ मां दुर्गा की एक प्रतिमा भी लाई गई, जिसे मैहर में स्थापित किया जाएगा।

**विधायक और समाजसेवी ने किया स्वागत-** मैहर पहुंचने से पहले डेल्हा मोड़ पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया,मां दुर्गा प्रतिमा के दर्शन किए और उन पर पुष्प वर्षा कर प्रसाद वितरण किया।वहीं,माई की रसोई के संचालक धीरज पाण्डेय और उनके साथियों ने ढोल-नगाड़ों,पटाखों और फूलों की बारिश के साथ नगर सेठानी मां शैल पुत्री का भव्य स्वागत किया। धीरज पाण्डेय ने कहा कि अतिथि का सत्कार हमारी परंपरा है और उनका प्रयास है कि मैहर में कोई भी अतिथि भूखा या परेशान न रहे। इस दौरान मैहर जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को डॉक्टर की सलाह पर ही दें दवाइयाँ

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन की मेडिकल स्टोर्स पर सघन जाँच

**सतना।**



नियंत्रक,खाद्य एवं औषधि प्रशासन,मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स पर लगातार जाँच एवं सैंपलिंग की कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में औषधि निरीक्षकों द्वारा जिले के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स की गहनता से जाँच की गई।जाँच कार्यवाही के दौरान दुकानों में कफ सिरप एवं अन्य दवाइयों के स्टॉक और रिकॉर्ड की जाँच की गई और उनके सैम्पल भी लिए गए।बुधवार को जिन चार दुकानों की जाँच की गई,उनमें के लाल मेडिकल एजेंसी,वाहेगुरु मेडिकल,रवि मेडिकल स्टोर,और त्रिवेणी मेडिकल शामिल हैं।इन सभी दुकानों पर विशेष रूप से Respifresh-TR कफ सिरप के भौतिक स्टॉक की जाँच की गई,साथ ही सर्दी-खाँसी की अन्य दवाइयों के भी सैम्पल लिए गए।

**जन मानस एवं मेडिकल स्टोर संचालकों से विशेष अपील**

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने इस संबंध में जन मानस तथा मेडिकल स्टोर संचालकों से निम्नलिखित अपेक्षाएं की हैं। 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कोई भी दवाई केवल पंजीकृत चिकित्सक की सलाह से ही दें। किसी भी दवाई को बताए गए खुराक (Dose) से अधिक मात्रा में न दें। दवाइयाँ हमेशा बच्चों की पहुँच से दूर सुरक्षित स्थान पर रखें। दवाइयों के सेवन के बाद किसी भी प्रकार की कठिनाई महसूस होने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाएं।

**मेडिकल स्टोर संचालकों से अपेक्षा**

बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रीप्शन के बच्चों के लिए कोई भी दवाई न दें।अभिभावकों को दवाइयों के जोखिम एवं उनके सही उपयोग की जानकारी दें। यदि किसी मेडिकल स्टोर पर Relife syrup, Respifresh-TR syrupया Coldrif syrup उपलब्ध हो,तो तत्काल विभाग को सूचित करें एवं स्टाकिस्ट को वापस करें।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई: शिक्षा पर जोर





**सतना।**

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जयंती गत दिवस सतना नगर के विभिन्न वाल्मीकि कॉलोनियों में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।स्थानीय सिन्धी कैम्प में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह ने मुख्य आतिथ्य किया,जबकि नगर निगम महापौर योगेश ताम्रकार ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथियों में उत्तम बनर्जी,मनमोहन माहेश्वरी,सतीष सुखेजा,ऋषभ सिंह,हरिओम गुप्ता, विक्रम जी,सचिन शुक्ला और रामबहादुर शामिल हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री सिंह ने कहा कि आज वाल्मीकि समाज हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभा रहा है।उन्होंने ज़ोर दिया कि समाज के शिक्षित छात्र-छात्राएं उच्च पदों पर कार्यरत हो रहे हैं और देश में समरसता आई है। उन्होंने शिक्षा को सफलता की कुंजी बताया। महापौर श्री ताम्रकार ने समाज के सभी व्यक्तियों को शुभकामनाएं दीं और महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन चित्रण पर प्रकाश डाला। श्री बनर्जी ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि वाल्मीकि जी की आरती और हवन-पूजन से हुई,जिसमें अतिथियों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। आयोजकों ने अतिथियों को शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए और समरसता पूर्ण सहभोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर गोपाल बाबा,मगनलाल,लक्ष्मी प्रसाद करोसिया,गोकुल प्रसाद,रामू डागोर,गोबिन्द प्रसाद, मोना,संजीत बोहत,सुजल सीगोत,पार्षद सुमन वाल्मीक,अनिल,जमुना सिंग,मधु डागोर सहित वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ नागरिक,समाज सेवी, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## महिला सहित तीन पर आरोप, मुख्य आरोपी ने किया सरेंडर

# वाहन विक्रय के नाम पर 6.5 लाख की ठगी

**मैहर।**



शहर में फर्जी वाहन विक्रय के नाम पर 6.5 लाख रुपये की ठगी का एक मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था,जबकि मुख्य आरोपी विवेक तिवारी ने बुधवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।

**ठगी का तरीका**

जामा मस्जिद निवासी समीर खान ने 23 नवंबर 2024 को थाना मैहर में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार,पूजा मिश्रा,विवेक तिवारी और विपिन तिवारी ने खुद को संजय साकेत बताकर उनसे मारुति सुजुकी जिम्नी अल्फा वाहन बेचने का सौदा किया और 6,50,000 रुपये ठग लिए। जब समीर खान ने कागजात मांगे,तो वाहन संजय साकेत के नाम पर पंजीकृत निकला। इसके बाद आरोपियों ने एक व्यक्ति को बुलाकर उसे संजय साकेत बताया और अनुबंध पत्र के माध्यम से सौदा पूरा किया। बाद में जांच में पता चला कि जिसे संजय साकेत बताया गया था,वह पूजा मिश्रा का भाई विवेक तिवारी था।जब समीर खान ने अपनी राशि वापस मांगी,तो आरोपियों ने गाली-गलौज और धमकी दी।पुलिस ने मई 2025 में विपिन तिवारी और जून 2025 में पूजा मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया था।कई महीनों से फरार चल रहा मुख्य आरोपी विवेक तिवारी ने आज न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

## पंचायतों/नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची में 17 अक्टूबर तक ली जाएगी दावा आपत्ति

**जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक**

**सतना।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार सतना जिले की नगरीय निकाय एवं पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन बुधवार को कर दिया गया है।वार्षिक पुनरीक्षण 2025 के तहत फोटोयुक्त मतदाता सूची में 8अक्टूबर से 17अक्टूबर 2025 तक दावा आपत्तियों ली जाएगीं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को वार्षिक पुनरीक्षण 2025 के संबंध में जानकारी दी गई। इस मौके पर कांग्रेस के साबिर खान,दुर्गेश चैरसिया,भाजपा के विनोद अग्रवाल,आम आदमी पार्टी के डा.अमित सिंह,वीरेन्द्र सक्सेना,बसपा के डा.लखनलाल साहू, इलेक्शन सुपरवाईजर द्वारिकेन्द्र सिंह,केबी त्रिपाठी उपस्थित थे।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार सतना जिले में नगरीय निकाय एवं पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 में 17 अक्टूबर की अपरान्ह 3 बजे तक नगरीय निकाय के वार्डों एवं ग्राम पंचायत में स्थापित दावा आपत्ति केन्दों में नियुक्त प्राधिकृत कर्मचारियों से निर्धारित प्रारूप ई आर 1, ईआर 2 एवं ई आर 3 प्राप्त कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने,संशोधन करने अथवा अपात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के संबंध में दावा आपत्ति की जा सकेगी। सतना जिले में पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 में जिलें की कुल 450 ग्राम पंचायत में 440 दावा आपत्ति केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें 440 प्राधिकृत कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। इसी प्रकार नगरीय निकाय की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 में जिले की कुल 9 नगरीय निकाय के वार्डों में 165 दावा आपत्ति केंद्र बनाए जाकर 165 प्राधिकरण कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। इनमें नगर निगम में 45 तथा शेष नगर परिषद में 15-15 दावा आपत्ति केन्द्र बनाए गए हैं। इन दावा आपत्ति केन्द्रों में प्राधिकृत कर्मचारी कार्यालय समय में उपस्थित रहकर 17 अक्टूबर तक दावा आपत्तियों लेंगे। अपर कलेक्टर ने कहा कि भ्रमण या निरीक्षण के दौरान अपने केंद्र से प्राधिकृत कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। प्राप्त दावा आपत्तियों का रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा निराकरण 27 अक्टूबर तक कर लिया जाएगा।अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 13 नवंबर 2025 को किया जाएगा।

# लायंस क्लब द्वारा पौष्टिक आहार वितरण

**सतना।**




अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब सतना हैल्पिंग हैंड्स एवं सार्थक वेलफेयर सोसाइटी ने लायंस सेवा सप्ताह में 'न्यूट्रिशन प्रोग्राम' के अंतर्गत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को बेहतर बनाने हेतु विशेष पहल की। इसके तहत चांदमारी रोड स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय धवारी में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार एवं पोषण सामग्री वितरित की गई।कार्यक्रम के मुख्यअतिथि लायंस इंटरनेशनल डि.3233 सी (मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़) के लायन पवन मलिक सेकंड वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर,विशिष्ट अतिथि पूर्व रीजन चेयरमैन लायन आलोक त्रिपाठी रहे।लायन पवनमलिक ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कुपोषण से बचाना ,स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ भविष्य की ओर अग्रसर करना है। लायन आलोक त्रिपाठी ने बताया कि संस्था का मानना है कि स्वस्थ विद्यार्थी ही कल के सशक्त समाज की आधार शिला बनते हैं।लायन जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यरूप से लायन पवन मलिक, लायन आलोक त्रिपाठी,जोन चेयरमैन लायन धर्मेन्द्र सेन,जितेन्द्र गर्ग,श्रद्धा सिंह,सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में पदस्थ स्थापना लिपिक विमल खरे को लोकायुक्त पुलिस ने 2500 रू रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोचा

**जिले में लोकायुक्त की कार्यवाही आय दिन बन रही सुर्खियां, आखिर हालात का सहज ही लगाया जा सकता है अंदाजा**

**अनुकंपा नियुक्ति पाने के बाद रिश्वत को बना लिया था धंधा**







**पन्ना।** लोकायुक्त पुलिस सागर की टीम ने मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे जिला चिकित्सालय परिसर स्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में बड़ी कार्रवाई करते हुए डाटा एंट्री अष्परेटर को 2500 की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। लिपिक विमल खरे पिता स्व.कमल किषोर खरे, पदस्थ डाटा एंट्री अष्परेटर एवं प्रभारी लिपिक अविज्ञप्त कर्मचारी सापिना षाखा, सीएमएचओ कार्यालय पन्ना में कार्यरत है। वहीं षिकायतकर्ता दिलीप डामोर पिता डेल्सन डामोर, लैब टेक्नीषियन क्षय रोग विभाग जिला चिकित्सालय पन्ना हैं। षिकायतकर्ता मूल रूप से झाबुआ निवासी हैं तथा वर्तमान में बैनीसागर मोहल्ला, पन्ना में निवासरत हैं। जानकारी के अनुसार, षिकायतकर्ता ने दिनांक 10 सितंबर 2025 को 25 दिवस के अर्जित अवकाष (ईएल) स्वीकृति के लिए आवेदन दिया था। स्वीकृति प्रक्रिया आगे बढ़ाने के एवज में आरोपी विमल खरे द्वारा प्रतिदिन 100 की दर से कुल 2500 रिश्वत मांगी जा रही थी। इससे परेषान होकर षिकायतकर्ता ने 26 सितंबर 2025 को लोकायुक्त पुलिस सागर के अधीक्षक को लिखित षिकायत सौंपी थी। एसपी लोकायुक्त सागर के निर्देष पर 3 अक्टूबर को षिकायत का सत्यापन किया गया, जिसमें आरोप सत्य पाए गए। तत्पष्चात आज दिनांक 8 अक्टूबर 2025, मंगलवार को लोकायुक्त की टीम ने योजना बनाकर कार्रवाई की। टीम दोपहर में पन्ना पहुंची और सीएमएचओ कार्यालय परिसर में लिपिक विमल खरे को फरियादी से 2500 लेते हुए रंगे हाथों दबोचा गया। कार्रवाई का नेतृत्व निरीक्षक लोकायुक्त रोषनी जैन ने किया। टीम में निरीक्षक के.एस. उइके, प्रधान आरक्षक सफीक खान, आरक्षक राघवेंद्र, अरविंद, आदेष, गोल्डी सहित अन्य पुलिसकर्मी षामिल रहे। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई है। गौरतलब बात यह है कि इस घटना क्रम से साफ जाहिर हो रहा है कि जिले में हालात भ्रष्टाचार को लेकर किस तरह से अधिकार के रूप में जाना जा रहा है। जहां कुछ समय पहले पुलिस विभाग में थाना अंमानगंज में ही प्रधान आरक्षक को लेकर मामला चर्चा में आया। वहीं आज समाचार लिखे जाने के पूर्व तक जिला मुख्यालय में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में पदस्थ लिपिक जो स्वयं अनुकम्पा नियुक्ति के बाद सेवायें दे रहा था। सूत्रों की माने तो इसके पूर्व षाहनगर में पदस्थ रहा चिकित्सालय में जहां कम्प्यूटर ऑपरेटर था इसके बाद जिले में डाटा कम्प्यूटर ऑपरेटर क रूप में सापिना में लिपिक के पद पर पदस्थ था। आखिर षासकीय सेवा अनुकम्पा नियुक्ति में ही मिली पर हालात भ्रष्टाचार को लेकर किस रतह से संलिप्तता को लेकर आदत में सुमार हो गया था जिसके कारण स्वयं षासकीय सेवा को दाव पर लगा दिया। जिले में भ्रष्टाचार पर नकेल कैसे कायम होगी जब समस्त विभागों में कहीं न कहीं पन्ना जिले के हालात कुछ कम इसी तरह चर्चाओं में सुमार है। चाहे षिक्षा हो या स्वास्थ्य पुलिस वहीं राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग तथा वन विभाग आदि सभी पिछले दो वर्शों के लगभग से अगर आंकलन किया जाये तो कई विभाग में कई महारथी लोकायुक्त पुलिस की कार्यवाही के षिकार हो चुके हैं इसमें विद्युत विभाग भी पीछे नहीं रहा। इस तरह से पन्ना जिले में हालात भ्रष्टाचार को लेकर जड़े पनप रही है। आखिरकार संस्कृति जिस जिले में इस तरह से बन जायेगी तो फिर कैसे विराम लगेगा। अब देखना यह है कि पन्ना जैसे जिले में आम जनता के हालात क्या होगें जहां षासकीय सेवाओं में कर्मचारियों या जनप्रतिनिधियों से ही ये कार्यवाहीयां षिकायत का परिणाम मानी जा रही है आम जनता तो आज भी लुट रही है आखिरकार जो षिकायत करना भी लाजमी नहीं समझते बेबसी के चलते पैसे देकर ही अपना कार्य करवाना उचित मान लेते है। तभी तो हालात यह बन चुके है बिना पैसे के षायद कार्य ही नहीं होते। इसी वजह से आदतन भ्रष्टाचार को लेकर पंसद बन चुकी है। तभी तो इस तरह की कार्यवाहियां आये दिन चर्चा में सुमार हो रही है।

## श्री रामचरित मानस सम्मेलन के चौथे दिन हुआ पुष्प वाटिका प्रसंग, श्रोताओं की भारी भीड़



**पवई।** नगर के स्थानीय जगदीश स्वामी मंदिर में 04 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक पांच दिवसीय श्री राम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन 7:00 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक प्रतिदिन चल रहा है,जिसमें अयोध्या धाम से पधारे संतश्री धर्मदास जी फलाहारी महाराज एवं आगरा से विदुषी श्रीमती रेखा जी की मधुर ओजस्वी वाणी ने कथा के चौथे दिन वाटिका प्रसंग की कथा का मधुर वर्णन किया गया। जहां कथा व्यास जी के द्वारा कथा के माध्यम से भगवान का धरती पर आना कैसे हुआ उनके जन्म से संबंधित और अन्य लीलाओं से संबंधित कथाओं का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया साथ ही कहा कि भगवान धरती पर मानव धर्म का पालन करने की शिक्षा देते हैं। श्रीराम जी के जीवन पर आधारित मर्म स्पर्शी हृदय को छूने वाली शैली एवं मधुर वाणी से सभी श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया।मानव कल्याण के लिए लाभप्रद धर्म रूपी अमृत वर्षा 50 वर्षों के अधिक समय से पवई नगर में चल रही श्री रामचरित मानस सम्मेलन की अमृत वर्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले किशोर प्रसाद खरे, स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद पटेल एडवोकेट, अरुण कुमार लटौरिया एडवोकेट, डॉक्टर रमेश कुमार बहरे, स्व0 डॉक्टर एसपी जायसवाल संतोष कुमार श्रीवास्तव,पं0 राम गोपाल पांडेय,राम अवतार पाठक, सहित नगर के पचासों लोगों के सहयोग से अभी तक श्रीराम चरितमानस सम्मेलन का आयोजन को सक्रिय रूप कराया जा रहा है।जिसमें श्री राम चरित मानस ग्रंथ पर आधारित प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ, बुद्ध जीवियों,संतो एवं प्रसिद्ध विदुषियों की मधुर वाणी से भगवान श्री रामचंद्र की संपूर्ण जीवनी पर आधारित प्रवचन और लोक कल्याण के लिए आवश्यक नियमों, अनुशासन, सांस्कृतिक धरोहर, एवं भारतीय संस्कृति को मानव जीवन में स्थापित करने हेतु धार्मिक विषय विशेषज्ञों के द्वारा भगवान श्री राम के प्रेरक प्रसंग से समाज में अच्छे आदर्श की स्थापना की जा रही है श्री रामचरितमानस सम्मेलन की व्यवस्थाओं एवं अन्य तैयारी मे श्री राम चरित मानस लोक कल्याण समिति पवई अध्यक्ष बृजेश नगायच पवई, राम गोपाल पांडेय सचिव, राकेश कुमार खरे उपाध्यक्ष, सूरज प्रसाद सोनी कोषाध्यक्ष, श्रीमती मोहिनी आनंद मिश्रा अध्यक्ष जनपद पंचायत पवई बसंत दहायत अध्यक्ष नगर परिषद पवई सुश्री निधि पटेरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष पवई किशोरी लाल उपाध्याय शिक्षक, एडवोकेट अरविंद कुमार नगायच अध्यक्ष सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई व्यवस्थापक भवानी प्रसाद पटेल एवं पवई नगर के नवयुवक गणमान्य नागरिक व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं। व्यवस्थापक मंडल एवं पवई नगर वासियों ने सभी श्रोताओं एवं भक्तजनों से आग्रह किया है कि आज से दो दिन मात्रा बच्चे हैं सभी लोग मुख्य वक्ता अयोध्या धाम श्रीमान धर्मदास जी फलाहारी महाराज एवं विदुषी श्रीमती रेखा जी की मधुर ओजस्वी वाणी से वरष रहे अमृत रूपी प्रवचनों से अपना आत्म कल्याण करें और समाज में सकारात्मक विचारों को भगवान श्री राम के आदर्शों को आगामी पीढ़ी तक पहुंचने में सहयोग करें। आगामी पीढ़ी तक भगवान श्री राम के आदर्शों को पहुंचाने के लिए परिवार सहित अपने बच्चे बच्चियों को अवश्य लेकर आए यह हमारी परिवार में रहते हुए पहली प्राथमिक आवश्यकता है।

## गोचर भूमि पर हो रहा अतिक्रिमण प्रशासनिक मिलीभगत का अंदेशा पटवारी हल्का कटकहा का मामला



**गुनौर।** जहा एक ओर भजपा सरकार गायों के हित के लिए अपने आप को बचनबद्ध साबित करने मे लगी हुई है वहीँ दूसरी ओर बिपक्ष के गौ मास पर हुए टैक्स फ्री के सवालों से भी घिरी हुई है बाबजूद उसके गोचर भूमि मे अतिक्रमण होना सरकार की मंशा को शुद्ध स्पष्ट कर करा रहा है। ताज़ा मामला तहशील अमानगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कटकहा के ग्राम तुन्ना का है जहा रोड किनारे सरकारी स्कूल के इर्द गिर्द गोचर भूमि पर लगातार अतिक्रमण हो रहा है जिसपर अमानगंज तहसील प्रशाशन तमासबीन दिखाई दे रहा है ग्राम टुन्ना के ही कुछ ग्रामीणों से चर्चा के दौरान पता चला कि राजकुमार तिवारी द्वारा लगभग 4000 स्क्वायर फिट में जबरन कब्जा कर लिया गया है जबकि राजकुमार तिवारी के पास पहले से ही दो मंजिला मकान बस्ती के अंदर बना हुआ है गुप्त सूत्रों की माने तो ग्रामीणों में राजकुमार तिवारी का अच्छा खासा खौफ भी है उसका कारण उसका बेटा राजीव तिवारी है जो अपराधी किस्म का है ग्रामीण बताते हैं कि एक दो बार वह जेल भी जा चुका है। सूत्र यह भी बताते हैं कि 25/09/25 को तहसील अमानगंज से अतिक्रमण कारियो को एक नोटिस जरूर जारी हुआ था परंतु वह वे असर निकला जो कि राजनैतिक मिलीभगत की ओर भी इशारा कर रहा है जन चर्चाएं तो यह भी हैं कि राजनैतिक और प्रशासनिक मिली भगत के कारण ही अतिक्रमण कारियो के हौसले बुलंद है। बहरहाल मुख्यमंत्री हेल्प लाइन के बारे में ग्रामीणों ने बताया है कि हेल्प लाइन लगाई गई है अब देखते हैं आगे क्या होता है।

**पवई के तरुण सिकरवार को मिली बड़ी जिम्मेदारी**

## कांग्रेस ने बनाया छतरपुर जिले की मलहरा विधानसभा का प्रभारी



**पवई।** (पन्ना) के सक्रिय और ऊर्जावान कांग्रेस नेता तरुण सिकरवार को पार्टी संगठन ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान "वोट चोर, गद्दी छोड़" (5 करोड़ हस्ताक्षर अभियान) के अंतर्गत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उन्हें छतरपुर जलि की मलहरा विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। इस अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी द्वारा देशभर में मतदाता सूची का विशेष गहन ऑडिट कराया जा रहा है। इस दौरान बूथ स्तर पर मतदाताओं से संवाद, सत्यापन एवं हस्ताक्षर अभियान संचालित किया जाएगा। इस संबंध में आदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले ने जारी किया है। संगठन ने तरुण सिकरवार से अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने और मतदाता सूची ऑडिट कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने की अपेक्षा जताई है। तरुण सिकरवार ने प्रदेश नेतृत्व एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य जारी रखेंगे।

## उपसंचालक कृषि ए.पी. सुमन ने अजयगढ़ ब्लॉक के ग्रामों में किया खरीफ फसलों का निरीक्षण



**अजयगढ़।** पन्ना जिले के अजयगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंहाई, नयागांव एवं आसपास के अन्य गांवों में उपसंचालक कृशि ए.पी. सुमन ने खरीफ फसलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एडीए एन.पी. प्रजापति, वरिश्ठ कृशि विकास अधिकारी अरुणपाल बागरी, तथा कृशि विस्तार अधिकारी दीपक मंडलोई, प्रकाष वर्मा, रामविजय लोधी और षुभम सिंह उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसानों से धान फसल की स्थिति, रोग एवं कीट नियंत्रण, उर्वरक प्रबंधन और सिंचाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि फसल की अच्छी पैदावार के लिए खरपतवार नियंत्रण, संतुलित पोशण प्रबंधन, और समय पर रोग नाषी दवाओं का छिड़काव किया जाए। इस अवसर पर किसान राजेंद्र यादव, लखन कुषवाहा, ज्योतिसिंह, भानसिंह यादव,देवनारायण लोध, दिपेन्द्र लोध, तिजोला अहिरवार,जोहरीलाल, पप्पू दुबे सहित अन्य किसान उपस्थित रहे। किसानों ने बताया कि कृशि विभाग के मार्गदर्शन से उन्हें खेती में नई तकनीक और योजनाओं की जानकारी मिल रही है। उपसंचालक श्री ए.पी. सुमन ने कहा कि विभाग किसानों के हित में निरंतर कार्यरत है और किसी भी समस्या की स्थिति में किसान सीधे कृशि अधिकारियों से संपर्क करें।

## विक्षिप्त हालात के व्यक्तियों को लेकर देवेन्द्रनगर कस्बे में चर्चायें, अव्यवस्था असुरक्षा पर उठे सवाल

**'आनंदम' केवल फोटो सेशन तक सीमित, जबकि सतना का 'सृजन ट्रस्ट' कर रहा मानवता की असली सेवा**



**पन्ना।** नगर में इन दिनों मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों की बढ़ती संख्या स्थानीय नागरिकों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। सड़कों, गलियों और चौक-चौराहों पर विचरण करते ये लोग आए दिन वाहनों के कांच तोड़ने, राहगीरों पर पत्थर फेंकने और विवाद करने जैसी घटनाओं में शामिल हो रहे हैं। कई बार ये लोग घरों के सामने कूड़ा-कचरा इकट्ठा करते हैं, और रोकने पर झगड़ा या हमला तक कर बैठते हैं। इससे नगरवासी लगातार भय और असुरक्षा का अनुभव कर रहे हैं, जबकि नगरीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए हैं। सरकार द्वारा 'आनंदम' योजना जैसी पहल केवल कागजों में सीमित रह गई है। वास्तविकता यह है कि इस योजना के अंतर्गत न तो मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों की पहचान की जा रही है, न ही उनके पुनर्वास या उपचार की कोई ठोस व्यवस्था है। अफसोस यह है कि सरकारी अधिकारी महज फोटो सेशन और औपचारिक कार्यवाही के जरिए वाहवाही लूट रहे हैं, जबकि सड़कों पर मानवता कराह रही है। इन परिस्थितियों में यदि किसी ने सच्चे अर्थों में समाजसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है, तो वह है सतना का 'सृजन ट्रस्ट'। यह संस्था पूरे देश के लिए एक प्रेरणास्रोत बन चुकी है। सृजन ट्रस्ट के सेवाकारों ने अनेक मानसिक रूप से बीमार लोगों को सड़कों से उठाकर नहलाया, उनके बाल कटवाए, व्यक्तिगत खर्च से उपचार कराया और आधार नंबर या पहचान के आधार पर उन्हें उनके परिवारों तक पहुंचाया। कई बार घावों से बदबू मारते, असहनीय स्थिति में पड़े व्यक्तियों की सेवा में उन्होंने वह कार्य कर दिखाया जो सरकार के विशाल संसाधनों के बावजूद नहीं हो पा रहा। इस मानवीय पहल ने सरकार की कार्यशैली पर गहरा प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। जब एक छोटी संस्था सीमित साधनों में मानवता की मिसाल पेश कर सकती है, तो करोड़ों रुपये के बजट और सैकड़ों अधिकारियों वाली सरकार क्यों असफल है? क्या प्रशासन की संवेदना मर चुकी है, या जिम्मेदारी उठाने का साहस खो गया है? देवेंद्रनगर की जनता अब यह चाहती है कि शासन इन मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को खतरा नहीं, मानवता का दायित्व माने। इनके लिए विशेष "पुनर्वास, चिकित्सा और स्नेह आधारित सेवा केंद्र" खोले जाएँ, ताकि न केवल नगर की सुरक्षा बनी रहे, बल्कि इन असहाय लोगों को भी जीवन की गरिमा मिल सके। अब समय आ गया है कि सरकार अपनी निर्लज्ज निष्क्रियता पर शर्म करे और 'सृजन ट्रस्ट' जैसे उदाहरणों से प्रेरणा लेकर संवेदना को नीति में बदलने का साहस दिखाए।

## सायबर जागरूकता माह के अंतर्गत पन्ना पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थानों में आयोजित किये जागरूकता कार्यक्रम





**पन्ना।**अक्टूबर 2025 माह को "राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता माह" के रूप में मनाए जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। माननीय पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश महोदय के आदेशानुसार, पूरे माह भर प्रदेश में सायबर अपराधों की रोकथाम एवं नागरिकों में सायबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पन्ना जिले में भी पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सायबर जागरूकता गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। जिले के थाना कोतवाली, थाना सुनवानी, थाना सिमरिया एवं थाना शाहनगर में सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें नागरिकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी लिंक, ओटीपी शेयरिंग, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करने, फेक कस्टमर केयर नंबर, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा राष्ट्रीय सायबर पोर्टल (ृबलइमतबतपउम.हवअ.पद) के उपयोग संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुलिस द्वारा सायबर सुरक्षा से संबंधित पोस्टर, बैनर एवं पंपलेट वितरित कर नागरिकों से "सतर्क नागरिक दृ सुरक्षित समाज" का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को अपने परिवार एवं मित्रों को सायबर सुरक्षा संबंधी जानकारी साझा करने हेतु प्रेरित किया गया। पन्ना पुलिस द्वारा आगामी दिनों में भी जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, शासकीय-अशासकीय संस्थानों एवं जनस्थलों पर इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे ताकि प्रत्येक नागरिक सायबर अपराधों से सुरक्षित रह सके।

## शरद पूर्णिमा पर देवेंद्रनगर में ब्रह्माकुमारीज का दिव्य आयोजनः आत्मा की पूर्णता से लेकर पद्मावती धाम की चेतना तक गूंजा आध्यात्मिक आलोक



**देवेंद्रनगर।** शरद पूर्णिमा की निर्मल चांदनी में नहाया देवेंद्रनगर मंगलवार की रात आध्यात्मिक प्रकाश से आलोकित हो उठा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय केंद्र में इस अवसर पर भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें ब्रह्माकुमारी सीता बहन ने कहाकृ "यह पर्व केवल चांदनी और खीर का उत्सव नहीं, बल्कि आत्मा की पूर्णता, शुद्धता और चेतन प्रकाश का प्रतीक है।" उन्होंने बताया कि जिस प्रकार इस रात चंद्रमा अपनी सभी कलाओं के साथ पूर्ण होता है, उसी प्रकार जब मनुष्य की आत्मा शांति, प्रेम, आनंद, ज्ञान, करुणा और पवित्रता जैसे गुणों से संपन्न हो जाती है, तब वह सच्चे अर्थों में दिव्य बन जाती है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में भी चांद जैसी शीतलता और निर्मलता लाने का संकल्प लें। कार्यक्रम में नगर के अनेक श्रद्धालु शामिल हुए और वातावरण में आध्यात्मिक शांति का अद्भुत स्पंदन महसूस किया गया। वर्तमान युग में जब मानव जीवन तनाव, प्रतिस्पर्धा और असंतोष से घिरा है, तब ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एक वैश्विक प्रेरणा बनकर आत्म-साक्षात्कार और शांति का संदेश दे रहा है। विश्व के 140 से अधिक देशों में इसके केंद्र राजयोग ध्यान, आत्म-संवर्धन, नशा-मुक्ति, नैतिकता और स्त्री-शक्ति जैसे विषयों पर समाज को दिशा दे रहे हैं। संस्था का उद्देश्य मनुष्य के भीतर स्थित दिव्यता को जाग्रत कर, उसे जीवन-संतुलन और सकारात्मकता के मार्ग पर अग्रसर करना है। इसी दिव्य परंपरा की अगली कड़ी है पन्ना का पद्मावती धाम, जो प्रणामी सम्प्रदाय का प्रमुख तीर्थ है। यहाँ हर वर्ष शरद पूर्णिमा पर अंतरराष्ट्रीय स्तर का भव्य आयोजन होता है, जिसमें देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु एकत्र होकर प्राणनाथ स्वामी के उपदेशों का स्मरण करते हैं। स्वामीजी का दर्शन मानवता, समरसता और आत्मा-परमात्मा की एकता पर आधारित है। उन्होंने कहा थाकृ "सत्य का मार्ग किसी एक धर्म से नहीं, बल्कि सबके भीतर की प्रेम-ज्योति से प्रकाशित होता है।" पद्मावती धाम का यह उत्सव आज भी विश्व को यह सिखाता है कि भक्ति का सार केवल पूजा नहीं, बल्कि सभी जीवों में ईश्वर को देखना है। देवेंद्रनगर से लेकर पन्ना तक इस वर्ष की शरद पूर्णिमा ने यह संदेश दिया कि चांद की शीतलता केवल आकाश में नहीं, हमारे भीतर भी जगनी चाहिए शांति, प्रेम और आत्मज्योति के रूप में।

## रामपुर खजरी निवासी आदिवासी व्यक्ति ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात



**शाहनगर।** क्षेत्र के जुगरवारा गांव के दर्रहा हार में रामपुर खजुरी निवासी संतोष आदिवासी उर्फ बाबा (उम्र लगभग 55 वर्ष), पिता पुंदीलाल आदिवासी का शव आज बुधवार सुबह करीब 8 बजे एक पलास के पेड़ से लटका हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर शाहनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। मौके से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। फिलहाल पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे का कारण पता चल सके। शाहनगर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच जारी है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# खाद की किल्लत से जूझ रहा क्षेत्र का किसान

**खाद्य व्यापारियों द्वारा की जा रही खाद की कालाबाजारी**

**संबंधित विभाग एवं व्यापारियों की मिली भगत से किसानों की खाद पर डाका**

**खाद की कालाबाजारी करने वाले सक्रिय, प्रशासन निष्क्रिय**

**एसडीएम गुनौर ने खाद दुकान पर किया निरीक्षण**






**अमानगंज।** मध्य प्रदेश में किसान इस समय खाद के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। हालात यह हैं कि दिनभर कड़ाके की धूप में लाइन में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिल पा रही, और जब वे अपने हक की मांग करते हैं तो पुलिस को सामने कर दिया जाता हैं,क्षेत्र का किसान लाचार है बेबस है मजबूर हैप्रदेश सरकार की खेती को लाभ का धंधा बनाने की मंशा पर कालाबाजारी करने वाले ग्रहण लग रहे हैं।एक तरफ सरकार कहती है किसानों को रासायनिक खादों पर हम सब्सिडी दे रहे है, वही कालाबाजारी की मार से ग्रसित किसान के लिए कृषि घाटे का धंधा साबित हो रही है। मनमाने दामों पर खाद का वितरण किया जा रहा है,लगातार क्षेत्र के किसानों की खाद की किल्लत कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर आज बुधवार को अनिल तलैया एसडीएम गुन्नौर ने ममता मिश्रा तहसीलदार अमानगंज थाना प्रभारी रवि जादौन ने दल वल के साथ नगर अमानगंज के भोले कृषि सेवा केंद्र की जांच की।।जैसा कि बता दें क्षेत्र के किसान लगातार मीडिया के माध्यम से खाद्य की कालाबाजारी के आरोप लगा रहे थे जहां एसडीएम ने दुकान का निरीक्षण कर किसानों को निर्धारित सरकारी रेट पर खाद वितरण करवाया,एसडीएम गुनौर ने कहा कि सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया है कि किसानों को निर्धारित दर पर खाद वितरण करें, साथ ही दुकानदारों को चेतावनी दी है कि अगर खाद की कालाबाजारी करते पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।अधिकारियों ने खाद खरीदने आए किसानों से भी पूछताछ की। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कोई फर्जी तरीके से या किसी के दबाव में खाद नहीं ले रहा है। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि पर्याप्त खाद है,जल्द ही सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी।किसानों का सवाल है कि नगर के व्यापारियों के पास पर्याप्त मात्रा में खाद है, जो मनमाने रेट पर किसानों को दी जा रही है, किसानों के हक पर डाका डालने वालों पर कार्यवाही कब,आज अमानगंज के एक व्यापारी की दुकान पर एसडीएम गुनौर के मिले जिले निरीक्षण से क्षेत्र का किसान संतुष्ट नजर नहीं आ रहा,किसानों का कहना है कि जो व्यापारी खाद का भंडारण बनाए हैं और मनमाने रेट पर खाद बेच रहे हैं उन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि किसानों को आसानी से खाद मिल सके।

## अमानगंज में भव्य शोभायात्रा के साथ मनाई गई अजमीढ़ जयंती

**अमानगंज।**







नगर में अजमीढ़ जयंती का आयोजन बड़े ही भव्य और श्रद्धापूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राघव मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा के रूप में की गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गीतांजलि पैलेस में जाकर संपन्न हुई।शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों, बैंड बाजों और जयघोषों के साथ भाग लिया। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। समापन स्थल गीतांजलि पैलेस में बच्चों के मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह भी किया गया, उसके बाद भोजन प्रसाद के बाद कार्यक्रम समापन किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और पूरे नगर में उत्सव का वातावरण दिखाई दिया।

**खबर संक्षेप**

## आज से शुरू होगा मेला जलविहार, झूलों सहित 250 दुकानें लगेंगी

**छतरपुर।** नगर पालिका परिषद छतरपुर द्वारा मेला ग्राउंड में इस वर्ष भी भव्य मेला जलविहार का आयोजन किया जा रहा है। मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और नगर पालिका द्वारा विशेष व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। 9 अक्टूबर से मेला का शुभारंभ किया जाएगा। इस वर्ष झूलों का टेंडर लगभग 30 लाख रुपये में हुआ है, जबकि पिछले वर्ष यह लगभग 20 लाख रुपये का था। मेला अधिकारी एवं उपयंत्री गोकुल प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले में लगभग 250 दुकानें लगाई जाएंगी। पुराने दुकानदारों को प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि अवैध रूप से लगने वाली दुकानों को सख्ती से हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले में सर्कस, झूला, मौत का कुआं, ब्रेक डांस जैसे मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध रहेंगे। झूलों के लिए ऑनलाईन टेण्डर प्रक्रिया अपनाई गई है ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस भव्य आयोजन को लेकर नगर पालिका के साथ ही स्थानीय व्यापारी और नागरिक उत्साहित हैं। मेला ग्राउंड में रोशनी और सजावट की तैयारियां जोरों पर हैं। मेला जलविहार हर वर्ष की तरह इस बार भी लोगों के लिए मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रहेगा आकर्षण

मेला जलविहार में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसमें 9 एवं 10 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम, 11 अक्टूबर को आल्हा गायन, 12 अक्टूबर को लोकगीत, 13 अक्टूबर को जवाबी कीर्तन, 14 अक्टूबर को लोक नृत्य राई, 15 अक्टूबर को संगीत निशा, 16 अक्टूबर को भजन संध्या, 17 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, 18 अक्टूबर को बुन्देली बैण्ड एवं 19 अक्टूबर को ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया जाएगा।

## दोनी में खुदाई के दौरान हजारों वर्ष पुरानी मूर्तियां मिली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा/सिग्रामपुर**

जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत ऊपर पहाड़ दोनी में स्थानीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के मंत्री के निर्देशानुसार में संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल की आयुक्त श्रीमती उर्मिला शुक्ला के निर्देशन में ग्राम दोनी जिला दमोह में मढ़ा क्रमांक 1 का पुरातत्वीय प्रविधि से मलबा सफाई का कार्य पी. सी. महोबिया, उपसंचालक ग्वालियर द्वारा किया जा रहा है। प्रभारी उपयंत्री एवं साइट इंचार्ज सपन साहू द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य के दौरान कल्चुरी कालीन स्थापत्य कला के विशिष्ट पुरावशेष प्रकाश में आए हैं। इस टीले से ब्रह्म, विष्णु, शिव, उमा - महेश्वर, पार्वती, अर्धनरीश्वर, वायुदेव, गज अप्सरा, एवं नायिका जैसी विशिष्ट एवं उत्कृष्ट प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं। प्राप्त सभी पुरावशेष लगभग 10वीं -11वीं शताब्दी में निर्मित शिव मंदिर के प्रतीत होते हैं।

## पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई से मूक प्राणियों को बचाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा**

प्रखंड जबेरा में एक बड़ा मामला सामने आया जब विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड जबेरा की टीम ने एक ऐसे आईसर ट्रक को पकड़ा जिसमें बड़ी संख्या में भैंसों और पड़ों को अमानवीय ढंग से ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। ट्रक में पशुओं को न केवल छोटे स्थान में कसा गया था बल्कि उनके पैर और गर्दन रस्सियों से बांध दिए गए थे जिससे कई पशु घायल अवस्था में पाए गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास चौहान, प्रधान आरक्षक सतेंद्र दुबे और आरक्षक विवेक कटारे अपनी टीम सहित तुरंत मौके पर पहुंचे और दमोह तरफ से जबलपुर की ओर जा रहे एक आयशर ट्रक को पुलिस ने जबेरा बाईपास पर घेराबंदी कर रोका और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर अंदर भरे पशुओं को सुरक्षित बाहर निकाला।

# छतरपुर में हो रहा नकली कारोबार, गल्लामंडी में पकड़ा पटाखा
## मिलावट की आशंका पर 10 क्विंटल पकड़ा मिल्क केक

**छतरपुर।**

जिला मुख्यालय छतरपुर में लम्बे समय से नकली कारोबार ने जडें जमा रखी है। कोई नकली खाद सामग्री बेच रहा है, तो कोई डुप्लीकेट कंपनीयों के पटाखे बेच रहें है। सबसे अधिक शहर में इलैक्टानिक चीजे नकली बेची जा रही है। जिन्हें कंपनी का नाम देकर लोगों को ठगा जा रहा है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं कर रहें है। जिससे नकली कारोबार का धंधा बढता ही जा रहा है। त्यौहारों के समय मिलावटी और नकली खाद्य सामग्री का कारोबार सबसेअधिक बढ जाता है। लेकिन फूड सेफ्टी विभाग की कार्यवाही सैम्पलिंग तक रह जाती है। सैम्पलिंग के बाद क्या कार्यवाही हुई यह किसी को पता नही चल पाता है, और फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी कर्मचारी कार्यवाही को बहीं पर समाप्त करने के लिए एक ही थैली में गुड फोड लेते है। जिसका नतीजा यह है कि नकली खाद्य सामग्री से बाजार भरा पड़ा हुआ है। अभी शरद पूर्णिमा पर नकली मावा की बिक्री धडल्ले से हुई लेकिन फूड सेफ्टी विभाग ने त्यौहार से पहले सैम्पलिंग की कोई कार्यवाही नही की अब जो कार्य फूड सेफ्टी विभाग को करना चाहिए था वह पुलिस कर रही है। इसी से फूड सेफ्टी विभाग की लापरवाही उजागर हो रही है। कोतवाली टीआई अरबिंद्र सिंह दागी ने बस स्टैण्ड पर 27 बोरी मिल्क केक पकड लिया। क्योंकि आशंका है कि यह मिलावटी हो सकता है 27 बोरियो में करीब 10 क्विंटल मिल्क केक बताया जा रहा है। 8 बोरी के दाबेदार अभी सामने नही आए है। बल्कि 19 बोरियों के 2 दाबेदार सामने आ चुके है और उन्हौने स्वीकार किया है कि यह मिल्क केक हमारा है। 8 बोरियों के दाबेदार की तलाश की जा रही है एक बोरी में करीब 40 किलों मिल्क केक बताया जा रहा है। सैम्पलिंग की जांच के लिए फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया अब देखना यह है कि कहीं इस मिल्क केक की सैम्पलिंग में भी साठ गांठ न करली जाए। क्योंकि मिल्क केक शहर की शत प्रतिशत किराना दुकानों पर बेचा जा रहा है, और दो साल से लेकर 10 साल तक के बच्चे इस मिल्क केक को बडे ही स्वाद से खाते है। ऐसा नही है कि यह मिल्क केक पहली बार आया हो बल्कि लम्बे समय से बाहर से मिल्क केक मगाया जा रहा है। लेकिन आज तक फूड सेफ्टी विभाग की नजर मिल्क केक पर नही पड़ी है। जिससे यह धंधा धीरे धीरे बढता ही जा रहा था अब सच्चाई सामने आएंगी कि बाहर से आने बाला मिल्क केक कितना मिलावटी है।

जिला प्रशासन को भी चाहिए कि फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर सही सैम्पलिंग कर जांच कराई जाए ताकि बच्चों के स्वाद से खिलवाड़ करने बाले व्यापारियों के नाम सामने आ सकें। और उनके विरूद्व खाद्य अपमिश्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही भी की जाएं।

### रिहायशी मकान में पकड़ा पटाखों का गोदाम

दीपावली के पहले ही पटाखों का अबैध भण्डारण शुरू हो जाता है अधिक लाभ कमाने के चक्कर में पटाखा व्यापारी डूप्लीकेट पटाखे जो कंपनी के नाम पर बेचे जाते है। उनका संग्रह कर लेते है और फिर अधिक दामों पर बेचते है ऐसा ही एक मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गल्ला मंडी का सामने आया है। यहां एक रिहायशी मकान में पटाखों का गोदाम चल रहा था और यही से यह पटाखे फुटकर व्यापारियो को बेचे जाते थे यह पटाखे साकेत अग्रवाल के बतायें जा रहें है। कोतवाली पुलिस ने भी पटाखों का अबैध भण्डारण पकड़ा है अब यह जांच का विषय है कि जिस व्यापारी के यहां पटाखों का अबैध भण्डारण पकड़ा गया है क्या उसके पास भण्डारण का लाइसेंस था यदि नही था तो अभी तक प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों ने कार्यवाही क्यों नही की थी इनके अलावा और भी कई जगह पटाखों का अबैध भण्डारण चल रहा है। लेकिन वहां तक अभी ना तो पुलिस पहुंच पा रही है और ना ही प्रशासन की टीम जबकि पूरे जिले मे दीपावली से पहले ही बडे पैमाने पर विस्फोटक सामग्री बेची जा रही है। बैसे यह भी सुना गया है कि जब पुलिस ने पटाखे का गोदाम पकड़ा तो गुपचुप तरीके से कार्यवाही की जा रही थी लेकिन मीडियाकर्मियो को जब जानकारी लग गई तो किएकराए में पानी फिर गया और पटाखों की जप्ती बनानी पड़ी।

# जुआं के फड़ पर मारा छापा, 8 गिरफ्तार
## 2 लाख 35 हजार नगद राशि बरामद



**नौगांव।** नगर पिछले काफी आईसीसी नौगांव थाने में चल रहा था जुआं विगत 15 दिनों में थाना नौगांव क्षेत्र में 16 जुंवा के फड़, सट्टा में छापेमारी कर 101 जुआड़ी, सटोरियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही में 3 लाख 20 हजार से अधिक राशि बरामद की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जुआ सट्टा खेलने वालों एवं संचालन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

नौगांव पुलिस को नगर की ग्वाल टोली में जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई, पुलिस टीम संबंधित स्थान पर पहुंची। जुआ के फड़ में हार जीत का दाव लगा रहे 8 जुआड़ी पकड़े गए। जिनके पास से 2 लाख 35 हजार रुपये नगद राशि एवं ताश की गड्डी बरामद की गई। जुआं खेल रहे रहे जुआड़ी पुलिस को देख भागने की कोशिश करने लगे लेकिन बच नहीं सके।

प्रमोद यादव पिता बुद्ध सिंह यादव निवासी वार्ड नंबर 3 अरविंद आश्रम के पास नौगांव, आशीष पाल पिता किशोरी पाल निवासी बिलहरी, अमित यादव पिता प्रकाश सिंह यादव निवासी वीरेन्द्र कॉलोनी नौगांव, जितेन्द्र कुमार अनुरागी पिता गोरी लाल अनुरागी निवासी मंदिर रोड नौगांव, दीपक रैकवार पिता ओमप्रकाश रैकवार निवासी बस स्टैंड के पास नौगांव, शैलेंद्र रघुवंशी पिता तुलाराम रघुवंशी निवासी वीरेन्द्र कॉलोनी नौगांव, शिवम यादव पिता भरत सिंह यादव निवासी ग्वालटोली नौगांव, केदार तिवारी पिता आर के तिवारी निवासी तिवारी मोहल्ला नौगांव

के विरुद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की धारा में अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गई।

उक्त कार्यवाही में एसडीओपी नौगांव श्री अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक वाल्मीकि चौबे, उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राजपूत, आरक्षक राहुल राजा बुंदेला, आशीष सोलंकी, प्रहलाद, अरविंद राय, कमलेश, अरुण शर्मा, धीरेंद्र राजावत, हेमंत एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# पीतांबरा कॉलोनी के रहवासी पहुंचे एसडीएम कार्यालय



### रेलवे पुल के पास रास्ता दिलाने की मांग

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पीतांबरा कॉलोनी छत्रसाल स्कूल के पास रहने वाले दर्जनों वार्डवासी बुधवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपते हुए सटई रोड रेलवे पुल के पास कॉलोनी से निकलने वाले रास्ते को खुलवाने की मांग की।आवेदन में कॉलोनी वासियों ने आरोप लगाया कि जिन लोगों से उन्होंने प्लॉट खरीदे थे जिनमें पुष्पेंद्र मिश्रा एवं गिरजा पाटकर शामिल है उनके द्वारा रेलवे लाइन के पास कॉलोनी का मुख्य रास्ता बंद कर दिया गया है। अब उन्हीं लोगों द्वारा रास्ता देने से इनकार किया जा रहा है, जिससे कॉलोनी के सैकड़ों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी वासियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर रास्ता खुलवाने की मांग की है। इस दौरान कौशल पाण्डेय, प्रीति पाण्डेय, कमला, आकाश सोनी, नंदिनी श्रीवास सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 3.50 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 9 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 3.50 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही देवेन्द्र सिंह सिसोदिया आत्मज चन्दन सिंह निवासी ग्राम पचवारा दोरिया जिला छतरपुर, अंशुल अहिरवार पिता महाप्रसाद अहिरवार नि. ग्राम ज्योराहा तह. लवकुशनगर, शमशाद मंसूरी आत्मज नजीर मंसूरी वार्ड नं. 9 नौगांव को 50-50 हजार रुपए, भगवती कुशवाहा पति चंद्र प्रकाश कुशवाहा पास्ट कुर्राहा ग्राम कनेरा एवं शुभांगी वैद्य पिता विजय कुमार वैद्य नि. शांतिनगर कॉलोनी को 45-45 हजार रुपए, आराधना चतुर्वेदी पति अंजली चतुर्वेदी वार्ड नं. 32 पुरानी एंजेसी के पीछे को 40 हजार रुपए, मास्टर अयांश प्रजापति पिता राममिलन प्रजापति नि. टिकौरा लौंडी लवकुशनगर को 30 हजार रुपए, गयाप्रसाद मिश्रा आत्मज दुर्गाप्रसाद मिश्रा अटकौहा नि. अटकौहा लौंडी एवं विजय मिश्रा आत्मज गया प्रसाद मिश्रा नि. अटकौहा लौंडी को 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### शोभा देवी समिति दे रही अनाथ बेटियों को सहारा
# अपना घर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही संस्था अब तक 108 बेटियों का किया पालन पोषण

**नौगांव।** नगर की अनाथ बेटियों की शोभा देवी समिति समाजसेवा के क्षेत्र में एक बड़ा नाम बन चुकी है, जिसने अनाथ और असहाय बेटियों के जीवन को नई दिशा दी है। समिति ने हाल ही में एक और अनाथ बालिका की जिम्मेदारी उठाई है, जिसके साथ अब संस्था कुल 108 बेटियों की परवरिश, शिक्षा, विवाह और भविष्य की सुरक्षा का संकल्प निभा रही है। समिति का उद्देश्य है कि कोई भी बेटी खुद को बेसहारा महसूस न करे और हर बेटी को परिवार, शिक्षा और सम्मान का अधिकार मिले। कुछ वर्ष पूर्व चौबारा गांव में घटी एक मार्मिक घटना ने समाज की संवेदनशीलता को झकझोर दिया था। एक गरीब परिवार में पहले मां ने बीमारी के चलते दम तोड़ दिया, और गहरे सदमे में पिता ने भी आत्महत्या कर ली। घर में दो मासूम बच्चे बेसहारा रह गए। जब यह खबर शोभा देवी समिति तक पहुँची, तो समिति की अध्यक्ष तृप्ति कठेल और सदस्य संदीप सत्या ने तुरंत बच्ची की जिम्मेदारी अपने हाथों में ली। संस्था ने न केवल उस बच्ची की पढ़ाई-लिखाई का भार उठाया बल्कि उसके नाम से 500 रुपये मासिक की आर.डी. खुलवाकर उसके भविष्य की आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित की। यह कदम संस्था की दूरदृष्टि और बेटियों के प्रति सच्ची जिम्मेदारी का उदाहरण बन गया। शोभा देवी समिति पिछले कई वर्षों से समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। संस्था ने अब तक लगभग 40 बेटियों की शादियाँ करवाई हैं, जिन्हें समाज की मुख्यधारा में पुनः स्थापित किया गया। वहीं 15 से 17 बेटियाँ ऐसी हैं जो आत्मनिर्भर बनकर अपने पैरों पर खड़ी हैं—कोई शिक्षक बनी, कोई नर्स, तो कोई निजी क्षेत्र में कार्यरत है। वर्तमान में 50 से अधिक बेटियाँ विभिन्न विद्यालयों और कॉलेजों में अध्ययनरत हैं। उनके लिए संस्था न केवल शिक्षा की व्यवस्था करती है, बल्कि पुस्तकों, वर्दी, फीस और अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति भी करती है। बेटियों के भविष्य को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए संस्था अब



तक करीब 10 लाख रुपये की एफ.डी. उनके नाम से करवाकर एक मजबूत नींव रख चुकी है।

### 'अपना घर' प्रकल्प – बेटियों के लिए एक बड़े आशियाने का सपना

अब शोभा देवी समिति एक नए और अत्यंत भावनात्मक प्रकल्प की दिशा में अग्रसर है – 'अपना घर'। इस प्रकल्प के तहत संस्था नौगांव में एक ऐसा आवासीय परिसर बना रही है जहाँ सभी बेटियाँ एक छत के नीचे परिवार जैसी भावना के साथ रह सकेंगी। यह घर केवल रहने की जगह नहीं होगा, बल्कि यहां शिक्षा, प्रशिक्षण, स्वास्थ्य देखभाल और आत्मनिर्भरता के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। समिति का मानना है कि बेटियों को केवल सहानुभूति नहीं, बल्कि अवसर, सम्मान और सुरक्षा की आवश्यकता है। इसी सोच के साथ समिति ने नगरवासियों, समाजसेवियों, व्यापारियों और दानदाताओं से सहयोग और आर्थिक सहयोग की अपील की है ताकि इस सपने को साकार किया जा सके। समिति की अध्यक्ष तृप्ति कठेल का कहना है कि हमारा उद्देश्य केवल पालन-पोषण तक सीमित नहीं है। हम चाहते हैं कि हर बेटी शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बने। समाज तभी सशक्त होगा जब बेटियाँ सशक्त होंगी। वहीं समिति सदस्य संदीप सत्या का कहना है कि बेटियाँ बोझ नहीं, वरदान हैं। शोभा देवी समिति का प्रयास है कि हर बेटी को परिवार का स्नेह, समाज का सम्मान और जीवन में आगे बढ़ने का अवसर मिले। शोभा देवी समिति का यह सतत प्रयास आज नौगांव सहित पूरे बुंदेलखंड अंचल में प्रेरणा का स्रोत बन चुका है। संस्था ने यह साबित किया है कि यदि नीयत सच्ची हो और संकल्प दृढ़, तो कोई भी नेक कार्य असंभव नहीं होता।

### समिति समाज को दिखा रही आईना -

समिति की इस पहल ने यह भी सिखाया है कि परिवर्तन की शुरुआत किसी बड़ी ताकत से नहीं, बल्कि छोटे-छोटे प्रयासों से होती है। यदि हर व्यक्ति किसी एक असहाय की मदद करने का संकल्प ले, तो समाज में अनाथ या बेसहारा जैसे जाने वाले शब्द ही समाप्त हो सकते हैं। शोभा देवी समिति की यह कहानी सिर्फ सेवा की नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और मातृत्व की जीवंत मिसाल है जो बताती है कि सच्ची इंसानियत बेटियों के मुस्कुराते चेहरों में बसती है।

# बंदर के बच्चे ने नहीं छोड़ा माँ का साथ हादसे ने सबकी आंखें नम कर दीं

**छतरपुर। कहा जाता है कि संसार में माँ और बच्चे का रिश्ता सबसे अटूट होता है। इसका एक हृदय विदारक उदाहरण आज बमीठा के पास खजुराहो-झांसी फोर लेन पर देखने को मिला। इस घटना को देखकर मौके पर मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गई।**

जानकारी के अनुसार, सुबह के समय बंदरों का एक झुंड हाईवे पार कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने एक मादा बंदर को उसके बच्चे सहित टक्कर मार दी। हादसे में मादा बंदर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके बच्चे को मामूली चोटें आईं।

हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ वहां जमा हो गई। लोगों ने मृत बंदरिया और उसके बच्चे को सड़क से हटाकर डिवाइडर पर



रखा। मां के मरने के बाद भी छोटा बंदर उससे लिपटा रहा और जोर-जोर से चिल्लाता रहा — मानो अपनी मां को उठने के लिए पुकार रहा हो। यह दृश्य देखकर हर किसी की आंखें भर आईं।

कुछ समय बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मृत बंदरिया को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। वहीं, घायल बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मां चाहे इंसान की हो या जानवर की उसका प्यार सबसे पवित्र और अटूट होता है।

## महाराजा छत्रसाल स्टेशन में हाईटेक निगरानी
# चेहरे की पहचान से अपराधियों पर होगी त्वरित कार्रवाई

**छतरपुर।** अब महाराजा छत्रसाल रेलवे स्टेशन पर लगे हाईटेक कैमरे किसी संदिग्ध या अपराधी का चेहरा स्कैन करते ही सेंट्रल सिस्टम को अलर्ट भेजेंगे। रेलवे प्रशासन ने स्टेशन और नजदीकी दूरियां गंज तथा ईशानगर स्टेशन पर कुल 20 आधुनिक कैमरे लगाने की योजना की पुष्टि की है, जिनके माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। कैमरों में वीडियो एनालिटिक्स और फेस-रिकॉग्निशन सॉफ्टवेयर स्थापित होंगे। कैमरे स्टेशन में आने वाले सभी यात्रियों का डेटा केंद्रीय सर्वर पर भेजेंगे और डेटाबेस से मिलान होगा। अगर मिलान सफल हुआ तो कैमरे से जुड़े अलार्म बजेंगे और सुरक्षा बलों को तुरंत सूचना मिलेगी। आरपीएफ समेत सुरक्षा में तैनात अफसर अपने मोबाइल फोन



से भी इन कैमरों की निगरानी कर सकेंगे। वीडियो डेटा 30 दिनों तक सहेजा जाएगा तथा अंधेरे में भी स्पष्ट इमेज प्राप्त करने की क्षमता होगी। यह सुविधा पहले से झांसी रेल मंडल के एक दर्जन से अधिक स्टेशनों पर लागू है और अब इसे छतरपुर में भी लागू किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस प्रणाली के जरिए अपराधियों की पहचान राष्ट्रीय स्तर के क्रिमिनल डेटाबेस के साथ कराई जाएगी ताकि संदिग्धों पर तुरंत कार्रवाई संभव हो सके। स्टेशन पर लगे कैमरे और सॉफ्टवेयर से ना केवल चोरी, लूट और वैचारिक अपराधों पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि भीड़-नियंत्रण व आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया भी सुनिश्चित होगी। रेलवे से जुड़े तकनीकी स्रोतों ने बताया कि नए कैमरे व सॉफ्टवेयर की स्थापना तथा परीक्षण चरण क्रमशः पूरा किया जाएगा और जल्द ही पूरी प्रणाली सक्रिय कर दी जाएगी।

## बुंदेलखंड छात्र शक्ति का गठन, सतेन्द्र शर्मा बने प्रदेश अध्यक्ष

**छतरपुर।** छात्रों के हितों की रक्षा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से बुंदेलखंड छात्र शक्ति संगठन का गठन किया गया है। संगठन के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सतेन्द्र शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में अज्जू मिश्रा की नियुक्ति की गई है।



संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि बुंदेलखंड छात्र शक्ति छात्रों के अधिकारों की रक्षा करने और उनकी आवाज बुलंद करने के लिए कार्य करेगी। साथ ही संगठन हिंदुत्व के मूल्यों को बढ़ावा, गऊ रक्षा, नशा मुक्ति के लिए जनजागरूकता और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएगा। प्रदेश अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा ने कहा कि बुंदेलखंड छात्र शक्ति छात्रों के हितों के लिए समर्पित है। हम युवाओं को एकजुट कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम करेंगे। हिंदुत्व, गऊ रक्षा, नशा मुक्ति और समाज सेवा हमारी प्राथमिकताएं होंगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए मिलकर कार्य करने और छात्रों के हक में मजबूत आवाज उठाने का संकल्प लिया है।

# तारपीन के तेल से लगी आग में दो मासूमों की मौत मां झुलसी, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**छतरपुर। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के डगरिया गांव में 17 दिन पहले हुई आगजनी की दर्दनाक घटना में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात दूसरा मासूम भी जिंदगी की जंग हार गया। इस हादसे में झुलसी महिला का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।**

जानकारी के अनुसार डगरिया गांव निवासी कंचन पति रोहित विश्वकर्मा (उम्र 23 वर्ष) 17 दिन पहले सोमवार दोपहर करीब 1 बजे घर पर खाना बना रही थी। उसी समय पास में खेल रहे उसके दोनों बच्चे मुस्कान (4 वर्ष) और रोशन (डेढ़ वर्ष) के ऊपर खेलते-खेलते गलती से तारपीन का तेल गिर गया। चूल्हे की लौ से तेल ने आग पकड़ ली, जिससे दोनों बच्चे जलने लगे।



बच्चों को बचाने के प्रयास में मां कंचन भी गंभीर रूप से झुलस गई।

घटना के समय पिता रोहित विश्वकर्मा घर के बाहर फर्नीचर का काम कर रहे थे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर वे दौड़े और पानी डालकर आग बुझाई। इसके बाद सभी को महोबा अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान रोशन की उसी दिन मौत हो गई, जबकि मां और मुस्कान को गंभीर हालत में छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया था। 17 दिन तक चले इलाज के बाद मंगलवार-बुधवार की रात मुस्कान ने भी दम तोड़ दिया। डॉक्टर रोशन द्विवेदी ने बच्ची की मौत की पुष्टि की। वहीं, महिला कंचन का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। बुधवार सुबह मृतक बच्ची का अस्पताल चौकी द्वारा पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया गया। पिता रोहित ने बताया कि उसके तीन बच्चे थे मुस्कान (4 वर्ष), रोशन (डेढ़ वर्ष) और कीर्ति (ढाई वर्ष)। इस हादसे में उसने मुस्कान और रोशन को खो दिया है।

## खबर संक्षेप

### तीन हजार के इनामी मारपीट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** खेत में बाड़ी लगाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट कर फरार चल रहे आरोपी को मनगवां पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक द्वारा तीन हजार का इनाम घोषित किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार, मामला थाना मनगवां के अंतर्गत ग्राम अमिलिहा का है, जहां निवासी इंद्रपति प्रसाद पांडेय ने शिकायत दर्ज कराई थी कि खेत में बाड़ी लगाने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी प्रदीप कुमार पांडेय और उसके सहयोगियों ने गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया था। पीड़ित का आरोप है कि घटना के दौरान आरोपी प्रदीप कुमार पांडेय ने टांगी से उस पर हमला किया, जिससे उसके बाएं हाथ की इंडेक्स फिंगर (तर्जनी) का ऊपरी हिस्सा कटकर अलग हो गया। घटना के बाद मनगवां पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करते हुए विवेचना शुरू की थी। हालांकि, मुख्य आरोपी प्रदीप पांडेय घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक रीवा द्वारा 3,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था। लगातार प्रयासों और सूचना तंत्र को सक्रिय करने के बाद पुलिस को सफलता मिली और आरोपी को ग्राम अमिलिहा से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी प्रदीप कुमार पांडेय पिता बद्री विशाल पांडेय (उम्र 38 वर्ष) को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### पड़ोसियों ने की थी घर में चोरी, महिला सहित दो गिरफ्तार

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति विहार कॉलोनी में किराए के मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए की सामग्री पार करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मामले में शामिल दो अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है। घटना 5 अक्टूबर को सामने आई थी, जब शांति विहार कॉलोनी निवासी अजीत कुमार ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। अजीत कुमार ने पुलिस को बताया कि वे कुछ दिनों के लिए घर से बाहर थे, और वापसी पर उन्होंने पाया कि उनके किराए के मकान का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ है। घर के अंदर रखी एक नई स्कूटी, दो एलईडी टेलीविजन सेट और अन्य कीमती घरेलू सामान गायब थे।शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। संदेह के आधार पर पुलिस ने ग्राम असरार थाना रामपुर बाघेलान निवासी नीलम सिंह (24 वर्ष) एवं जेपी नगर नौबस्ता निवासी तूफान सिंह (19 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात को स्वीकार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस चोरी की योजना नीलम सिंह और तूफान सिंह ने अपने दो अन्य साथियों, प्रदुम सिंह और राजवीर साकेत, के साथ मिलकर बनाई थी। चारों ने मिलकर मकान में सेंधमारी कर स्कूटी और अन्य कीमती सामान चोरी किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गई स्कूटी और एक टेलीविजन को बरामद कर लिया है। फिलहाल प्रदुम सिंह और राजवीर साकेत फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### संयुक्त संचालक कृषि का प्रभार मनोज कश्यप को

**रीवा।** संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास का प्रभार मनोज कश्यप को सौंपा गया है। कश्यप ने संयुक्त संचालक का पदभार ग्रहरण कर लिया है। श्री मनोज कश्यप उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास सतना अपने कार्य के साथ-साथ संयुक्त संचालक का कार्य देखेंगे।

### बच्चा वार्ड के एक-एक बेड पर तीन-तीन मरीज, बेड की प्रतीक्षा सूची लंबी

# संजय गांधी अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़ वायरल और बुखार, टाइफाइड के मामले ज्यादा

### पर्ची से दवा तक हर पड़ाव पर लंबा इंतजार, मरीजों को दिनभर अस्पताल में बिताना पड़ रहा समय





**रीवा। नवरात्र के समापन के बाद मौसम में बदलाव शुरू हो गया है उमस भरी गर्मी धीरे-धीरे रवाना हो रही है और साथ ही हल्की-हल्की ठंड अब महसूस होना प्रारंभ हो गई है इसी के साथ मेडिकल कॉलेज के संजय गांधी अस्पताल में मरीजों की भीड़ फिर बढ़ गई है।**

बीते सोमवार को महज एक दिन में 3858 मरीज ओपीडी में पहुंचे, जिससे न सिर्फ डॉक्टरों पर दबाव बढ़ा बल्कि अस्पताल की व्यवस्थाएं भी चरमराने लगीं। जहां पर्व के दौरान पूजा-पाठ में डूबे लोगों ने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दी, वहीं अब त्योहार खत्म होते ही बीमारियों की गंभीर तस्वीर सामने आ रही है। मौसम के उतार-चढ़ाव और हालिया बारिश के कारण वायरल बुखार, मलेरिया, टाइफाइड और जलजनित रोगों के मामलों में खासा इजाफा हुआ है। बता दे मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स और गायनी वार्ड में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। बच्चे वार्ड में तो स्थिति यह है कि एक-एक बेड पर तीन-तीन बच्चों को लेटाकर इलाज किया जा रहा है। वहीं, मेडिसिन और गायनी वार्डों में बेड की प्रतीक्षा सूची लंबी होती जा रही है। वही सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी और न्यूरोलॉजी विभागों में भी एक भी बेड उपलब्ध नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, हालात पर काबू पाने के लिए अतिरिक्त स्टाफ और अस्थाई बेड्स की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है,वही अस्पताल प्रबंधक ने बढ़ती मरीज संख्या को देखते हुए सभी विभागों को अलर्ट कर दिया है। इमरजेंसी सेवाओं को मजबूत करने के साथ-साथ अतिरिक्त डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाई जा रही है। जिला अस्पतालों को भी मरीजों का भार बांटने के लिए निर्देशित किया गया है ताकि मेडिकल कॉलेज पर अधिक दबाव न पड़े।

#### पर्ची से दवा तक इंतजार

अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को सबसे पहले पर्ची काउंटर पर लंबी लाइन में लगना पड़ रहा है। कई बार यह इंतजार एक घंटे से भी ज्यादा लंबा हो रहा है। इसके बाद डॉक्टर से परामर्श, जांच और फिर दवा के लिए भी घंटों लग जाते हैं। अस्पताल प्रशासन की मानें तो पूरे दिन का समय इलाज में खप रहा है, जिससे मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

#### त्योहारों में टालते रहे इलाज़

बता दे नवरात्र के दौरान अधिकतर लोग पूजा और व्रत में व्यस्त रहते हैं। छोटी-मोटी बीमारियों को नजरअंदाज कर दिया जाता है। लेकिन पर्व समाप्त होते ही जैसे ही सामान्य दिनचर्या शुरू हुई, वैसे ही लोग अस्पतालों की ओर रुख करने लगे। इसका परिणाम यह हुआ कि कुछ ही दिनों में मरीजों की संख्या कई गुना बढ़ गई।

#### मौसम की मार से बीमारियां हुईं आम

नवरात्र के आखिरी चरण में हुई तेज बारिश ने बीमारियों के प्रसार को और बढ़ावा दिया। मौसम में आई नमी और तापमान में गिरावट के चलते सांस की बीमारियां, स्किन इंफेक्शन, और हड्डियों में दर्द जैसी समस्याएं भी बड़ी संख्या में सामने आई हैं। डॉक्टरों के मुताबिक आने वाले दिनों में इन बीमारियों में और बढ़ोतरी हो सकती है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के बीच।

#### लक्षणों को न करें नजरअंदाज

बदलते मौसम में किसी भी प्रकार के लक्ष जैसे बुखार, उल्टी, दस्त, खांसी, या त्वचा पर लाल चकत्ते को हल्के में न लें। समय पर डॉक्टर से परामर्श लें और भीड़-भाड़ वाले अस्पतालों की बजाय पास के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों या शहरी स्वास्थ्य केंद्रों का उपयोग करें।

## सीएम हेल्पलाइन में लटकी फाइलें, राजस्व विभाग में सर्वाधिक शिकायतें हैं लंबित

### हर सप्ताह होती है समीक्षा, फिर भी नहीं सुधर रहे हालात

**रीवा।** जिला प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद सीएम हेल्पलाइन में पंजीकृत जन शिकायतों का निपटारा समय पर नहीं हो पा रहा है। सबसे ज्यादा लापरवाही राजस्व विभाग की सामने आ रही है, जहां हजारों शिकायतें अब तक अटकी हुई हैं,जिले में सीएम हेल्पलाइन को लेकर जनता की उम्मीदें भले ही कायम हों, लेकिन जिम्मेदार विभागों की उदासीनता इस व्यवस्था को कमजोर कर रही है। राजस्व विभाग में फिलहाल 3010 शिकायतें लंबित हैं, जो किसी भी विभाग की तुलना में सर्वाधिक हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि जिले के कुल पांच विभागों में 10,000 से अधिक शिकायतें अब भी अनसुलझी हैं। बता दे कलेक्टर कार्यालय द्वारा हर सप्ताह सीएम हेल्पलाइन में आई शिकायतों की समीक्षा की जाती है, लेकिन कुछ विभागों पर इसका कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। राजस्व विभाग के बाद ऊर्जा विभाग सबसे लापरवाह नजर आ रहा है, जहां 2609 शिकायतें अब तक निपटाई नहीं जा सकी हैं। हालांकि बीते समय में कुछ विभागों ने सुधार दिखाया है और अपनी स्थिति को बेहतर किया है, लेकिन प्रमुख विभागों की सुस्ती पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर रही है।



#### खाद्य, पुलिस और पंचायत विभाग भी फिसड्डी

मिली जानकारी के अनुसार, खाद्य विभाग की 2043, पुलिस विभाग की सैकड़ों, और पंचायत राज विभाग की भी हजारों शिकायतें लंबित हैं। इन विभागों में कार्यवाही की रफ्तार इतनी धीमी है कि आमजन को लंबे समय तक समाधान के लिए भटकना पड़ रहा है।

#### कई अन्य विभाग भी लिस्ट में शामिल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग – 518 शिकायतें
लोक शिक्षण विभाग – 393 शिकायतें
सीमांकन विभाग – 348 शिकायतें
भू-अर्जन विभाग – 327 शिकायतें
नगरीय निकाय विभाग – 316 शिकायतें

## सशक्तिकरण के प्रति बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाने हेतु विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमन एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बदरांव में महिला सशक्तिकरण, बालिकाओं के अधिकार एवं शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता लाने हेतु एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की बालिकाओं, शिक्षिकाओं एवं वन स्टॉप सेंटर के स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता, लैंगिक समानता एवं शासन द्वारा महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर समाज में सशक्त भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. जैन ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण की महत्ता बताते हुए कहा कि आज की बालिकाएँ भविष्य की राष्ट्र निर्माता हैं। उन्हें शिक्षा के माध्यम से न केवल अपने जीवन को संवारना है, बल्कि समाज में समानता और सशक्तिकरण की दिशा में भी अग्रसर होना है। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक



श्रीमती श्रुति मिश्रा ने बालिकाओं को विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को बताया कि महिला सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ केवल आर्थिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक समानता में भागीदारी से जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम में सृजनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देने हेतु रंगोली, मेंहदी एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका नेहा, तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के वन स्टॉप सेंटर स्टाफ सदस्य एवं कु. रेखा चतुर्वेदी एवं श्रीमती सलमा द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया। सभी उपस्थितजनों ने बालिकाओं के आत्मविश्वास एवं सृजनात्मकता की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में शिक्षा, आत्मनिर्भरता, सम्मान और समानता के मूल्यों को अपनाते हुए समाज में एक सशक्त पहचान स्थापित करेंगी।

## 'मिडिएशन फॉर द नेशन' अभियान के तहत 13 मामलों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लंबित प्रकरणों का मध्यस्थता के माध्यम से समाधान करने तथा न्यायिक प्रक्रिया में त्वरित और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्यध से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उच्चतम न्यायालय के मिडिएशन एंड कन्सीलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी के निर्देश पर 1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक पूरे देश में 'मिडिएशन फॉर द नेशन'नाम से 90 दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान अभियान के तहत मध्यप्रदेश में कुल 4हजार 552 मामले सफलता पूर्वक सुलह द्वारा निपटाए गए।जिनमें विभिन्न लंबित पुराने एवं संवेदनशील मामले सम्मिलित हैं। इसी क्रम 'मिडिएशन फॉर द नेशन' अभियान के अंतर्गत जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी केप्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में कुल 13 मामलों का मध्यस्थता से समाधान किया गया। इन मामलों में पारिवारिक विवाद, दुर्घटना-दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन, बेदखली, भूमि अधिग्रहण और अन्य नागरिक विवाद शामिल थे।

## भावांतर योजना सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए लाभप्रद - कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि भावांतर योजना किसानों के लिए अत्यंत लाभप्रद है। इस योजना में एफएक्यू मानक अनुसार किसान की जितनी उपज है सरकार उसको भावांतर योजनान्तर्गत लाभ प्रदान करेगी। कलेक्टर ने कहा कि किसान अपने सोयाबीन के रकबे और उत्पादकता के आधार पर मंडी में सोयाबीन का भावांतर योजना में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। राज्य शासन द्वारा किसान के रकबे और उत्पादकता के आधार पर उपज को मंडी में योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा। इससे अधिक मात्रा पर भी राज्य शासन द्वारा भावांतर की राशि कृषकों को उनके खाते में प्रदान की जाएगी। कलेक्ट्रेट ने कहा है कि सोयाबीन का घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा राज्य के मण्डी के मॉडल भाव विक्रय के मूल्य की अंतर की राशि कृषकों



को मिलेगी। किसान द्वारा ई पोर्टल पर पंजीयन 17 अक्टूबर तक किया जा सकता है। किसान अपनी उपज मण्डी में बेचेंगे और एमएसपी एवं मण्डी के मॉडल भाव/विक्रय मूल्य के बीच के अंतर की राशि किसान को डीबीटी के माध्यम से भुगतान की जाएगी। किसान इस योजना का लाभ 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक मण्डी में अपनी फसल विक्रय करके ले सकेंगे। कलेक्टर ने बताया कि खुली नीलामी कैमरे की निगरानी में होगी तथा जिला प्रशासन का प्रतिनिधि उपस्थित रहेगा। विक्रय मूल्य, एमएसपी और मण्डी मॉडल भाव दोनों से कम होने पर मॉडल भाव एवं एमएसपी की अंतर की राशि किसान को प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने उप संचालक कृषि तथा मण्डी सचिव को भावांतर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा पात्र किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं।

## देवतालाब में युवा उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**मऊगंज।** जिले के देवतालाब केसरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार युवा उत्सव 2025-26 का शुभारंभ बुधवार, 8 अक्टूबर 2025 को उत्साहपूर्वक किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महानंद द्विवेदी के मार्गदर्शन में तथा प्रो. रजनीष त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर संयोजक प्रो. ज्ञानेन्द्र सिंह कर्चुली द्वारा युवा उत्सव की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।उत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन और आभार प्रदर्शन डॉ. पंकज मैत्रेय ने किया।यह आयोजन विद्यार्थियों में प्रतिभा विकास और टीम भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया, जो पूरे उत्साह और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ।

## मऊगंज में कौशल विकास यात्रा 2025 का हुआ आयोजन

**मऊगंज।** जिले मे कौशल विकास यात्रा 2025 के दूसरे दिन यात्रा मऊगंज में पहुँची, जहाँ पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।यात्रा का शुभारंभ नईगढ़ी में हुआ, जहाँ SKP सेंटर के प्रभारी श्री आनंद कुशवाहा और लक्ष्मी इंस्टीट्यूट में छात्रों एवं स्टाफ ने यात्रा दल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक श्री प्रवीण तिवारी ने कौशल विकास यात्रा के उद्देश्य, AI Literacy Mission और भविष्य की तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए एआई शिक्षा के महत्व और इसके रोजगारोन्मुख अवसरों पर प्रकाश डाला।इसके बाद यात्रा देवतालाब पहुँची, जहाँ SKP सेंटर श्री रवि शंकर पटेल एवं श्री गणेश इंस्टीट्यूट में कार्यक्रम आयोजित किए गए। तत्पश्चात यात्रा दल जिला मुख्यालय पहुँचा, जहाँ




आईसेक्ट SKP सेंटर श्री राजेश कुमार सहित अन्य शाखाओं से मुलाकात की गई। इस दौरान नए संभावित केंद्रों से भी चर्चा हुई और संस्थानों को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने पर विचार-विमर्श किया गया।कार्यक्रम के समापन पर यात्रा दल मऊगंज से रीवा के लिए रवाना हुआ।

ज्ञात हो कि कौशल विकास यात्रा 2025 का आयोजन 6 अक्टूबर से किया गया है, जो देश के 20 राज्यों के 300 जिलों में 500 स्कूलों और कॉलेजों तक पहुँचेगी। यात्रा का मुख्य आकर्षण AI Literacy Mission है, जिसके तहत आईसेक्ट द्वारा विशेष रूप से तैयार किया गया कौशल रथ गाँव-गाँव और शहर-शहर पहुँचकर एआई, एआर/वीआर जैसी उन्नत तकनीकों की जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।यात्रा के दौरान निःशुल्क एआई सेमिनार, कार्यशालाएँ, करियर काउंसलिंग सत्र और तकनीकी प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं।इस अभियान का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और समुदायों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ना तथा कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर श्री अनिल कुमार और श्री दीपक पाठक भी सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए उपस्थित रहे।